# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

**दिनांक–23 मार्च 2024 7:20 AM**

- भूटान के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कहा–यह एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों का सम्मान है
- निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने तैनात किया पर्यवेक्षकों की टीम, लोकसभा चुनाव में ऑनलाइन नामांकन भी कर सकते हैं प्रत्याशी
- लोकसभा चुनाव के पहले चरण में तीसरे दिन चार प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन, सत्ताइस मार्च है नामांकन की आखिरी तिथि
- प्रदेश में होली का उल्लास चरम पर, त्योहार को देखते हुए पुलिसकर्मियों की छुटि्टयां निरस्त

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भूटान के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो से सम्मानित किया गया है। भूटान दौरे पर गये प्रधानमंत्री श्री मोदी को वहां के नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने कल थिम्पू में उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह उनके जीवन का बहुत बड़ा दिन है। हर पुरस्कार अपने आप में विशेष होता है, लेकिन जब दूसरे देश से पुरस्कार मिलता है तो इससे मालूम चलता है कि दोनों देश सही रास्ते पर आगे बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सम्मान उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि भारत और एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों का सम्मान है।

**********

भारत निर्वाचन आयोग ने निष्पक्ष और पारदर्शी लोकसभा चुनाव कराने के लिए दो हजार एक सौ पर्यवेक्षकों की टीम तैनात की है। यह पर्यवेक्षक पूरे देश में जिला चुनाव अधिकारियों और रिटर्निंग ऑफिसर की निगरानी करेंगे। निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार इन पर्यवेक्षक की प्राथमिकता चुनाव प्रक्रिया के दौरान प्रलोभन या धमकी की किसी भी घटना को रोकना है। यह सुरक्षा बलों की तैनाती भी निगरानी करेंगे । इसके अलावा इस बार लोकसभा चुनाव के प्रत्याशियों को ऑनलाइन नामांकन की सुविधा भी प्रदान की गयी है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने इस बारे में बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने प्रत्याशियों को यह सुविधा दी है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वेबसाइट लिंक जारी किया गया है। श्री रिणवा ने बताया कि जो प्रत्याशी ऑनलाइन नामांकन करना चाहते हैं उन्हें वेबसाइट सुविधा डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट इन पर लॉगइन करना होगा। इसके बाद नामांकन पत्र भरकर उसका प्रिन्ट निकालकर प्रारूप–एक में रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा निर्गत सूचना में इंगित स्थान पर नामांकन दाखिल करना होगा। इसी प्रकार शपथ पत्र भी वेबसाइट लिंक के माध्यम से ऑनलाइन भरकर एवं उसके प्रिन्ट आउट को शपथ–पत्र के साथ रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष दाखिल करना होगा। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन नामांकन भरने के बाद जमानत धनराशि भी ऑनलाइन जमा करने की सुविधा दी गयी है।

**********

लोकसभा चुनाव में मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इसी क्रम में वाराणसी में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के राष्ट्रीय सेवा योजना–एनएसएस द्वारा कल मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इसके बाद एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारियों और स्वयं सेवकों ने मतदान करने की शपथ ली। वहीं चित्रकूट जिले में कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों में डोर टू डोर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शहर के पुराने बाजार रामलीला मैदान से घरों के बाहर मतदाता जागरूकता संबंधी स्टीकर लगाये गए और विशेषकर बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित किया गया।

हमीरपुर के सुमेरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अतरैया और मुंडेरा में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। इस मौके पर लोगों को लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान की शपथ दिलाई गई। वहीं अमरोहा में जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने कार्मिक प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर को मतदान की शपथ दिलाई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करें और इस महापर्व में अपनी अहम भूमिका निभाएं। वहीं पीलीभीत में अधिकारियों ने दिव्यांगजनों को सक्षम ऐप के बारे में जानकारी दी, ताकि वे आसानी से अपने मत का प्रयोग कर सकें।

**********

प्रदेश के आठ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए शुरू हुए नामांकन के तीसरे दिन कल विभिन्न दलों के चार प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया गया। नगीना लोकसभा सीट के लिए आजाद समाज पार्टी –कांशीराम के चन्द्रशेखर और समाजवादी पार्टी के मनोज कुमार ने नामांकन किया। इसी प्रकार मुरादाबाद लोकसभा सीट के लिए सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया –कम्युनिस्ट के हर किशोर सिंह और पीलीभीत लोकसभा सीट के लिए राष्ट्रीय समाज दल –आर से संजय कुमार भारती ने नामांकन दाखिल किया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन के दौरान सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गयी है। सम्पूर्ण नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जा रही है। सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत सीटों पर बीस मार्च से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई है। इन लोकसभा सीटों में सात सामान्य सीटें है, वहीं नगीना सीट आरक्षित है। पहले चरण

के नामांकन करने की अंतिम तिथि सत्ताइस मार्च है। नामांकन पत्रों की जांच अट्ठाइस मार्च को होगी तथा तीस मार्च को नाम वापसी का दिन तय है।

**********

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट दो हजार चार को असंवैधानिक करार देते हुए इस एक्ट को धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के खिलाफ बताया। जस्टिस विवेक चौधरी और जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की डिवीजन बेंच ने कल यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने यूपी सरकार को मदरसे में पढ़ने वाले छात्रों को बुनियादी शिक्षा व्यवस्था में समायोजित करने का निर्देश दिया। हाईकोर्ट का यह फैसला उस रिट याचिका पर आया, जिसमें यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट दो हजार चार और उनकी शक्तियों को चुनौती दी गई थी। उल्लेखनीय है कि मदरसों की जांच के लिए यूपी सरकार ने अक्टूबर दो हजार तेईस में एसआईटी का गठन किया था।

**********

एसटीएफ की मेरठ यूनिट ने पुलिस भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में हरियाणा के गुरुग्राम से रिसॉर्ट मालिक सतीश धनकड़ को गिरफ्तार कर लिया । आरोप है कि सतीश धनकड़ के रिसॉर्ट में ही सोलह फरवरी को पेपर लीक कराया गया था और एक हजार अभ्यर्थियों को बुलाकर एक साथ पेपर पढ़वाया गया था। पेपर को आउट कराने की पूरी प्लानिंग भी रिसॉर्ट में ही बनी थी। इसमें दिल्ली पुलिस का हेड कॉन्स्टेबल, बिहार का डॉक्टर समेत अन्य शहरों से सॉल्वर आए थे। एसटीएफ मेरठ के अपर पुलिस अधीक्षक बृजेश सिंह के अनुसार, सतीश धनकड़ को कंकरखेड़ा थाने लाकर पूछताछ की जा रही है।

उत्तर पुलिस भर्ती परीक्षा अट्ठारह फरवरी को हुई थी और इसमें लगभग चालीस लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे। भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने की खबर फैलते ही इसके विरोध में पूरे प्रदेश में प्रदर्शन हुए थे, जिसके बाद परीक्षा रद्द कर दी गई थी और छह महीने के अंदर फिर से परीक्षा कराने का निर्णय लिया गया था।

**********

प्रदेश के विभिन्न जिलों में होली का उल्लास चरम पर है। बाजारों में भी होली की रौनक दिखाई दे रही है । उधर, समूचा ब्रज मंडल होली के रंगो में सराबोर नजर आ रहा है। वहां के प्रमुख श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर, वृन्दावन के ठाकुर बांके बिहारी मंदिर और इस्कॉन मंदिर समेत अन्य मंदिरों में श्रद्धालु अपने आराध्य को साक्षी मानते हुए अबीर गुलाल से होली खेल रहे हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन के सुरक्षा इंतजाम कड़े किये हैं। वाराणसी और पीलीभीत जिले के बाजारों में भी खास रौनक और उत्साह का माहौल है। पीलीभीत के पूरनपुर स्थित शिवशक्ति धाम मंदिर में महिलाओं ने भजन कीर्तन करके भगवान के साथ फूलों की होली खेली।

इस बीच, होली के मद्देनजर सत्ताइस मार्च तक प्रदेश के सभी पुलिस कर्मियों की छुट्टियां निरस्त कर दी गयी हैं। प्रदेश पुलिस के डीजीपी प्रशांत कुमार ने इस संदर्भ में सभी पुलिस कमिश्नर, एडीजी जोन, आईजी रेंज और जिलों के कप्तानों को निर्देश भेजा है। अपने निर्देश में डीजीपी ने कहा है कि होली पर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के लिये पुलिस कर्मियों के अवकाश स्वीकृत न किये जायें। साथ ही जो पुलिसकर्मी अवकाष पर हैं, उन्हें वापस बुला लिया जाये। केवल विशेष परिस्थितियों में उच्च अधिकारियों की अनुमति से ही अवकाश स्वीकृत किये जायें।

**********

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कल सुबह कर्नाटक के चित्रदुर्ग परीक्षण रेंज से रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल पुष्पक की सफलतापूर्वक लैंडिंग की । इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने सोशल मीडिया संदेश में अंतरिक्ष यान के पूरी तरह से ऑटोमेटिक मोड में संचालन, लैंडिंग और ईंधन प्रबंधन के लिए टीम को बधाई दी। सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कहा कि इससे देश को अंतरिक्ष के क्षेत्र में नई ऊंचाई हासिल करने में मदद मिलेगी।(दिल्ली समाचार)

**********